भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2535

जिसका उत्तर 10 दिसम्बर, 2019 को दिया जाना है ।

देश के प्रत्येक गाँव का विद्युतीकरण

2535. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने देश के प्रत्येक गाँव में बिजली उपलब्ध करवाने का निश्चय किया है;

(ख) यदि हां, तो इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निर्धारित समय-सीमा में कृत कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; और

(ग) प्रत्येक गाँव के विद्युतीकरण के पश्चात् प्रत्येक घर में बिजली उपलब्ध करवाने के लिए सरकार क्या कर रही है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (श्री आर.के. सिंह)

(क) से (ग) : राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, देश में 28.04.2018 तक सभी आवासित जनगणना गांवों को विद्युतीकृत कर दिया गया है।

भारत सरकार ने देश में अंतिम छोर कनेक्टिविटी और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी घरों को एवं शहरी क्षेत्रों के सभी निर्धन घरों को विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराकर सभी घरों का विद्युतीकरण हासिल करने के लिए अक्तूबर, 2017 में प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना-सौभाग्य शुरू की। सभी राज्यों ने 31.03.2019 तक छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित बस्तर क्षेत्र में कुछ घरों को छोड़कर सभी घरों के विद्युतीकरण की सूचना दी है।

****